BPSC-107

कला स्नातक

राजनीति विज्ञान (आनर्स)

(BAPSH)

सत्रीय कार्य 2021–22

BPSC-107: अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के सिद्धान्त और विश्व का इतिहास

राजनीति विज्ञान संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

BPSC-107: अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के सिद्धान्त और विश्व का इतिहास

अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

प्रिय छात्र,

इग्नू में मूल्यांकन दो भागों में होता हैः i) सत्रीय कार्य द्वारा सतत मूल्यांकन, और ii) सत्रांत परीक्षा। अंतिम परीक्षा परिणाम में, सभी सत्रीय कार्यों के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित है, जबकि सत्रांत परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत अंक।

आपको 6 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 3 अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करने होंगे, जिनके कुल 100 अंक हैं, तथा मूल्यांकन में 30 प्रतिशत वेटेज है। इस सत्रीय कार्य की पुस्तिका में **BPSC-107: अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के सिद्धान्त और विश्व का इतिहास** नामक कोर पाठ्यक्रम का सत्रीय कार्य सम्मिलित है जो 6 क्रेडिट का पाठ्यक्रम है।

सत्रीय कार्य-I में वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्न हैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर निबंध के समान, प्रस्तावना एवं निष्कर्ष के साथ लिखने होंगे। इनका प्रयोजन विषय से संबंधित आपकी समझ/जानकारी को व्यवस्थित, संगत तथा सुस्पष्ट तरीके से वर्णन करने की योग्यता को जांचना है।

सत्रीय कार्य-II में मध्य श्रेणी के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर के लिए आपको सर्वप्रथम तर्क और स्पष्टीकरण के संदर्भ में विषय का विश्लेषण करना होगा, जिसके उपरान्त प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त तरीके से लिखने होंगे। ये प्रश्न विषय से संबंधित अवधारणाओं व प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से समझने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए हैं।

सत्रीय कार्य-III में संक्षिप्त श्रेणी के प्रश्न हैं। यह प्रश्न व्यक्तियों, लेखन, घटनाओं तथा अवधारणाओं एवं प्रक्रियाओं की स्पष्ट समझ के बारे में प्रासंगिक/सटीक जानकारी को संक्षेप में याद रखने के कौशल को उत्तम बनाने के लिए है।

सत्रीय कार्य करने से पहले, कार्यक्रम दर्शिका में दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह अनिवार्य है कि आप सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपका उत्तर किसी विशेष श्रेणी के लिए निर्धारित शब्द–सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होना चाहिए। याद रखिये कि इन सत्रीय प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके कौशल में सुधार होगा; तथा आप सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार हो जाएंगे।

जमा करनाः जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में उल्लेख किया गया है आप सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने के योग्य होने के लिए सारे सत्रीय कार्य निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत जमा करने होंगें। पूरे किए गए सत्रीय कार्य निम्नलिखित समय सारणी के अनुसार जमा करें :

सत्र	जमा करने की अंतिम तिथि	किसके पास जमा करें
जुलाई, 2021 के लिए	30 अप्रैल, 2022	अपने अध्ययन केन्द्र के संचालक के पास जमा करें।
जनवरी, 2022 के लिए	31 अक्टूबर, 2022	

जमा कराये गये सत्रीय कार्यों की अध्ययन केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त करें, तथा उसे संभाल कर रखिये। सत्रीय कार्य की एक फोटोकॉपी भी अपने पास रखें।

मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्र/क्षेत्रीय केन्द्र सत्रीय कार्यों को आपको लौटा देगा। कृपया इस पर विशेष ध्यान दें। मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्र को सत्रीय कार्य के अंक विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली को भेजने होते हैं।

शुभकामनााओं के साथ,

राजनीति विज्ञान संकाय

BPSC-107 : अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के सिद्धान्त और विश्व का इतिहास

अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोडः **BPSC-107**
सत्रीय कार्य कोड : **BPSC-107/ASST/TMA/2021-22**
अधिकतम अंकः **100**

यह सत्रीय कार्य तीन भागों में विभाजित हैं। आपको तीनों भागों के सभी प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

सत्रीय कार्य – I

निम्न वर्णनात्मक श्रेणी प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों का है।

1) द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के पश्चात् अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के अध्ययन के विकास में मुख्य प्रवृत्तियों का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 20

2) आईआरटी (IRT) में गैर–पश्चिमी योगदान हार्ड थ्योरी (Hard theory) के मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं। टिप्पणी कीजिए। 20

सत्रीय कार्य – II

निम्न मध्यम श्रेणी प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों का है।

1) ऑटोमैन (Ottoman) साम्राज्य को विघटन की ओर ले जाने वाले घटनाक्रमों का पता लगाइए। 10

2) उपनिवेशवाद विरोधी संघर्षों पर बोल्शेविक क्रांति के प्रभाव का विश्लेषण कीजिए। 10

3) यथार्थवाद पर नारीवादी आलोचना क्या है? 10

सत्रीय कार्य – III

निम्न लघु श्रेणी प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंकों का है।

1) आलोचनावादी (Critical) सिद्धान्त की मूलभूत विशेषताएं 6

2) अन्र्तराष्ट्रवाद 6

3) द्वितीय विश्व युद्ध में भारत का योगदान 6

4) रक्षात्मक और आक्रामक यथार्थवाद 6

5) अन्र्तराष्ट्रीय साम्यवाद (Communist International) 6